卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

वर्ष 24 | अंक 253 | पृष्ठ 8 | रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) | सोमवार | 24 जून 2024 | मूल्य दो रूपया

# तीसरे कार्यकाल में तीन गुणा मेहनत करेंगे : मोदी

## 18वीं लोकसभा का पहला सत्र शुरू: पीएम मोदी सहित कैबिनेट मंत्रियों व नव निर्वाचित सांसदों ने ली शपथ

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। 18 वीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरुआत आज हो गई है। सत्र की शुरुआत से पहले प्रोटेम स्पीकर के पद पर नियुक्त किए गए सदन के वरिष्ठ सदस्य भर्तृहरि महताब को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शपथ दिलाई। संसद सत्र की शुरुआत के साथ ही प्रोटेम स्पीकर ने सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी को सदन के सदस्य की शपथ दिलाई। फिर चेयर के सहयोगी सांसदों को शपथ दिलाई गई। उसके बाद मंत्रियों व बाकी सदस्यों को शपथ दिलाई जा रही है। 18वीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरुआत के साथ ही पीएम मोदी के बाद उनके कैबिनेट मंत्री सांसद पद की शपथ ली। उसके बाद राजनाथ सिंह और अमित शाह ने सांसद पद की शपथ ली। ( शेष पेज सात पर )







# बिजली गिरने से भाई बहन की मौत

खटीमा। खटीमा के सैजना गांव में सोमवार सुबह खेत में आकाशीय बिजली गिरने से धान की रोपाई लगा रहे भाई-बहन की मौत हो गई। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सैजना निवासी सुमित राणा (19) और उसकी बहन सुहावनी राणा (24) सुबह करीब 10:00 बजे अपने खेत में धान की रोपाई लग रहे थे। साथ में उनकी माता संक्रांति देवी और बड़ा भाई गोविंद सिंह भी रोपाई लगा रहे थे। तभी अचानक आकाशीय बिजली गिरने से सुमित और सुहावनी की मौत हो गई। आकाशीय बिजली गिरने से गांव में हड़कंप मच गया। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए खटीमा उप जिला अस्पताल लाया गया। तहसीलदार हिमांशु जोशी ने बताया कि परिजनों को देवीय आपदा और कृषि मंडी समिति से मुआवजा दिया जाएगा। ( शेष पेज सात पर )



# झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ चला अभियान, कई क्लीनिक किये सील

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। प्रशासनिक व ड्रग स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा आज बनभूलपुरा क्षेत्र में झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ व्यापक ( शेष पेज सात पर )



## ड्यूटी से घर लौटे होमगार्ड की संदिग्ध मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: पशु विभाग में तैनात एक होमगार्ड कर्मी की ड्यूटी से घर वापस लौटने के कुछ देर बाद संदिग्ध मौत हो गई। उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर आवश्यक जानकारी ली और शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मूलरूप से देवरिया उत्तर प्रदेश निवासी लगभग 58 वर्षीय रामअवध पुत्र नन्हूप्रसाद यहां मौहल्ला खेड़ा में किराये के ( शेष पेज सात पर )

## जॉब दिलाने के नाम पर ठगे साढे तीन लाख

काशीपुर। ऑनलाइन नौकरी का झांसा देकर एक महिला से शातिर दिमाग ने 3,30,900 रुपए ठग लिए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र निवासी काफिया पत्नी शोएब अली नामक महिला ने बताया कि बीते 13 जून से 16 जून के बीच यानी तीन दिनों के भीतर शातिर दिमाग अज्ञात शख्स ने जॉब दिलाने के नाम पर उससे 3 लाख 30 हजार 900 रुपए ठग लिए। पुलिस ने तहरीर ( शेष पेज सात पर )

**रस्म पगड़ी/उठाला**



हमारी पूज्य माता जी श्रीमती सरोज जुनेजा पत्नी स्व. गोपाल दास जुनेजा अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर 22 जून को स्वर्ग सिधार गयी है। उनकी आत्मिक शांति के लिए **रस्म पगड़ी/उठाला दिनांक 25 जून दिन मंगलवार** को दोपहर 2 से 3 बजे तक एंबियंस बैंकट हॉल गदरपुर रोड रुद्रपुर में सम्पन्न होगी।

**शोकाकुल परिवार**

विशाल जुनेजा-अनीता जुनेजा,अजय जुनेजा- अर्चना जुनेजा (पुत्र-पुत्रवधु) सिमरन-दिपुल (शानू) सबरवाल अंजली-माधव सुखीजा (पौत्री-दामाद) शिवांश जुनेजा, शिवाय जुनेजा (पौत्र), शनाया, ख्वाइश (पौत्री), अनायरा, (धेवती)

**निवास : जुनेजा कृषि फार्म वार्ड नंबर एक चुकटी देवरिया किच्छा ऊधम सिंह नगर** मो. 9837056886, 9837056628

# गुरुनानक शिक्षा समिति ने नहीं किया कोई गबन: दिलराज

## जांच के बाद करेंगे मानहानि का दावा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री गुरुनानक शिक्षा समिति के अध्यक्ष दिलराज सिंह एवम् प्रबन्धक गुरमीत सिंह ने कुछ लोगों द्वारा समिति पर लाखों रुपए गबन करने के लगाए गए आरोपों का पूरी तरह से खंडन किया है। पत्रकारों से बातचीत करते उन्होंने बताया कि समिति पर 32 लाख रुपए के 113 चौकों के माध्यम से गबन का आरोप सोशल मीडिया पर कुछ लोगों द्वारा लगाया गया है। चूंकि सोशल मीडिया पर डालने वाले लोगों के पूर्वग्रह से ग्रसित थे और उन्होंने श्री गुरुनानक शिक्षा समिति का पक्ष बिना जाने एकतरफा आरोप मीडिया में लगाया। उन्होंने कहा कि श्री गुरूनानक शिक्षा समिति 32 लाख रुपए गबन के आरोपों को पूर्णतया नकारती है, और समिति में किसी भी प्रकार का काई भी गबन आज दिनांक तक नहीं हुआ। दिलराज सिंह व गुरमीत सिंह ने कहा कि समिति यह भी स्पष्ट कर देना चाहती है कि समिति के साथ एक धोखाधडी आवश्य हुयी थी, श्री गुरूनानक शिक्षा समिति के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (पूरन पाण्डे) द्वारा समिति की 02 चैंक बुकें ( शेष पेज सात पर )



# उत्तराखंड में ‘आकार’ लेगा ‘नया परिवहन प्लान’

**□ राज्य में अब शहरी परिवहन को दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी प्राधिकरण के कंधों पर**

**□ प्राधिकरण निर्माण संबंधी विधेयक विधानसभा पटल पर लाने को कैबिनेट की मंजूरी**

\- अर्श -

देहरादून। उत्तराखंड के भीड़भाड़ वाले प्रमुख शहरों की परिवहन व्यवस्था के विकास ,संचालन ,रखरखाव, निगरानी एवं पर्यवेक्षण के लिए राज्य की पुष्कर सिंह धामी सरकार केरल मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी अधिनियम 1919 की तर्ज पर एक प्राधिकरण का गठन करने जा रही है। विगत दिवस संपन्न कैबिनेट की मीटिंग में प्राधिकरण गठन संबंधी विधेयक विधान सभा पटल पर रखे जाने पर कैबिनेट ने अपनी मोहर लगा दी है। प्राधिकरण के गठन के बाद सर्वप्रथम शहरी क्षेत्र की अधिसूचना जारी की जाएगी, जिसमें उस शहर की सीमाएं शामिल होंगी। इस क्षेत्र में केंद्र की अनुमति के बिना कैंट क्षेत्र शामिल नहीं हो सकेगा ।अधिसूचित क्षेत्र में सभी विभागों को अपने निर्माण प्रोजेक्ट इस प्राधिकरण से पास कराने होंगे।अधिसूचित क्षेत्र का नक्शा मीडिया व अन्य माध्यमों से प्रकाशित कराया जाएगा, ताकि सभी विभाग व आमजन इसके प्रति जागरूक रहें।प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में कोई भी विभाग ,अगर कोई प्रोजेक्ट बनाना चाहेगा ? तो उसे प्राधिकरण से अनुमति लेनी होगी।



अर्थात अगर लोक निर्माण विभाग कोई सड़क बना रहा है, तो प्राधिकरण उसे भविष्य की यातायात जरूरतों के पैमाने पर रखकर ही निर्माण की अनुमति देगा। इसी प्रकार, पेयजल या ऊर्जा विभाग समेत सभी विभागों के अधिसूचित क्षेत्रों में आने वाली परियोजनाओं को प्राधिकरण की अनुमति जरूरी होगी। खबर है कि प्राधिकरण के अस्तित्व में आने के बाद सबसे पहले राज्य की राजधानी देहरादून, धर्मनगरी हरिद्वार एवं ऋषिकेश को अधिसूचित किया जाएगा। अधिसूचना के उपरांत उपरोक्त शहरों में यातायात सुधार संबंधी कार्य अमल में ले जाएंगे ।तत्पश्चात अन्य शहरों को भी अधिसूचित कर वहां की परिवहन व्यवस्था को प्राधिकरण के दायरे में लाया जाएगा। अस्तित्व में आने पर यह प्राधिकरण ट्रांसपोर्ट इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम भी बनाएगा। शहरी परिवहन और शहरी परिवहन की सहायक सेवाओं से संबंधित वित्त जुटाने, निर्माण और संचालन की कार्य योजना तैयार करने का भार इसी प्राधिकरण पर रहेगा । प्राधिकरण निर्बाध और एकीकृत परिवहन नेटवर्क तैयार कर शहरी परिवहन सुविधाओं के विकास के संबंध में ( शेष पेज सात पर )

# पुलिया निर्माण का ब्लॉक प्रमुख ने किया उद्घाटन



नानकमत्ता(उद संवाददाता)। ग्राम पंचायत पुरनापुर में प्रतापपुर की और जाने वाले रास्ते में परवीन नदी पर पुलिया निर्माण कार्य का उद्घाटन सरदार श्री साधु सिंह नामधारी जी द्वारा किया गया। साथ ही ग्रामीणों द्वारा श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी को लाकर श्री जपजी साहिब का पाठ कराया और कड़ाह प्रशाद का वितरण किया गया। सभी लोगो ने हर्षौल्लाह्स के से ईश्वर से निर्माण कार्य सफल होने की मंगल कामना की। यह पुलिया २ ग्राम पंचायत प्रतापपुर और पुरनापुर को आपस में जोड़ेगा। पुलिया के निर्माण से सड़क भी सुचारु होगी तथा लोगो का आवागमन बढ़ेगा एवं ग्राम जादोपुर , उलानी, नौसर , सुनपहर, मोहम्मदपुर भुड़िया , जोगीठेर नगला गॉव के लोगो को खटीमा पहुँचने में 12 किमी० का सफर कम होगा। हर साल परवीन नदी पर बाढ़ की समस्या उत्पन्न होती हैं। तथा महीनों तक यह मार्ग बंद रहता था। पुलिया के निर्माण से इस समस्या का समाधान होगा। पिछले कई वर्षो से क्षेत्र के लोगो की पुलिया निर्माण कार्य की मांग थी। क्षेत्र के माननीय ब्लॉक प्रमुख रणजीत सिंह नामधारी के सफल प्रयासों एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी की स्वीकृति से यह निर्माण कार्य का शुभारम्भ संभव हो सका हैं। इस शुभारम्भ के मौके पर शसाधु सिंह नामधारी सहित ब्लॉक प्रमुख रणजीत सिंह नामधारी, जुझार सिंह नामधारी, क्षे०पं० सदस्य पुरनापुर अमरजीत सिंह, सहकर्मी- विकास विश्वास , अनुज सिंह , पूर्व प्रधान पुरनपुर जसपाल सिंह, सतनाम सिंह , कुलतार सिंह नामधारी, ग्राम प्रधान मोहम्मदपुर भुड़िया नरेंद्र सिंह , राजविंदर सिंह , पूर्व प्रधान जोगिंदर नगला बंटी सिंह, भा०कि०यू० के ब्लॉक अध्यक्ष अवतार सिंह, भा०कि०यू० के जिला अध्यक्ष श्री गुरसेवक सिंह , जगजीत सिंह, हरप्रीत सिंह , राजेश साहनी , दान सिंह , राजेश सिंह समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

# 30 जून तक डंपिंग साइड लिगेसी वेस्ट को निस्तारित करने के निर्देश

रूद्रपुर,(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी/प्रशासक नगर निगम उदयराज सिंह द्वारा ट्रेंचिग ग्राउड लीगेसी वेस्ट एवं निस्तारण की प्रगति का स्थलीय मौका मुआयना किया।निरीक्षण दौरान उन्होंने 30 जून तक डंपिंग साइड लिगेसी वेस्ट को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा लीगेसी वेस्ट निस्तारण की नियमित फोटोग्राफी की जाये ,जिससे डम्पिंग साईट के लिगेसी वेट निस्तारण का वास्तविक स्थिति



का आंकलन हो सके। जिलाधिकारी ने कूड़ा निस्तारण हेतु सभी कार्य वैज्ञानिक तरीके से करने तथा एनजीटी के मानकों के अनुसार करने के निर्देश दिए । जिलाधिकारी द्वारा ट्रंचिग ग्राउण्ड में अवसेश एकत्रित लीगेसी वेस्ट के निस्तारण से प्राप्त आरडीएफ के निस्तारण करने व अनुबन्धित फर्म मै० दयाचरन एण्ड कम्पनी को आगामी 30 जून तक अनिवार्य रूप से टार्चिंग स्थल से आरडीएफ को हटाते हुए जीपीएस ट्रैकिंग के साथ उक्त निस्तारण की रिर्पोट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।इस दौरान उपनगर आयुक्त शिप्रा जोशी व अनुबंधित फर्म के मेंनेजर आदि उपस्थित थे।

# मुकेश मेहरोत्रा की पुण्यतिथि पर मीठे शरबत का वितरण

काशीपुर। पूर्व दर्जा राज्य मंत्री, पूर्व पालिकाध्यक्ष एवं मेहरोत्रा इंटरप्राइजेज के संस्थापक दिवंगत मुकेश मेहरोत्रा की चौथी पुण्य स्मृति के मौके पर मेहरोत्रा परिवार ने सहयोगियों की मदद से राहगीरों को चने एवं मीठे शरबत का वितरण किया। रामनगर रोड स्थित मेहरोत्रा इंटरप्राइजेज नामक प्रतिष्ठान में सुबह दिवंगत मुकेश मेहरोत्रा की धर्मपत्नी श्रीमती बीना मेहरोत्रा, सुपुत्र अर्पित मेहरोत्रा, नवदीप मेहरोत्रा, राकेश मेहरोत्रा योगेश मेहरोत्रा, समेत समस्त मेहरोत्रा परिवार ने दिवंगत



मुकेश मेहरोत्रा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर अपनी संक्षिप्त उद्बोधन में अर्पित मेहरोत्रा ने कहा कि पिता की प्रेरणा उनका सदैव मार्गदर्शन करती है। उन्होंने कहा कि पिता की बताएं मार्ग पर चलने के लिए वह जीवन पर्यंत कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पिता की यादें उन्हें हर दिल संबल और प्रेरणा देती है। अर्पित ने कहा की चूंकि उनके दिवंगत पिता का संपूर्ण जीवन समाज सेवा को समर्पित रहा इसलिए उन्हीं की राह पर चलते हुए वह भी सदैव श्रसेवा एवं प्रेम की भावना को जागृत रखेंगे। इस मौके पर क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोगों के अलावा विपिन होंडा, मनोज पंत, अज्जू पहलवान, हरदासी लाल, मोहम्मद यामीन, विशाल शर्मा, वेतांश सारस्वत, योगेश जोशी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# दबंगों ने कारीगर को घर से घसीटकर सड़क पर पीटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कुछ दबंग लोगों ने घर में सोए खाना बनाने के कारीगर पर हमला कर उसे घसीटकर सड़क पर ले आए और उसे बेरहमी से पीट दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मुकेश पुत्र वेद राम निवासी रम्पुरा वार्ड 23 ने बताया कि वह खाने बनाने का कारीगर है। 23 जून को वह घर में सो रहा था। तभी एक राय होकर रम्पुरा के रहने वाले कुछ युवक एक राय होकर उसके कमरे के अन्दर घुसकर आए और उस पर जान लेवा हमला कर दिया। जिससे उसके सिर पर गहरी चोट आ गई।अपने बचाव के लिऐ कुरपा उठाया तो इन लोगो ने उसे कमरे से बाहर निकालकर चौकी तक



मारते हुए निकाल कर लायें। उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया तथा चौकी रम्पुरा से पीछे छोड़कर भाग गयें।परिवार को सूचना दी जो उसे सरकारी अस्पताल लेकर गयें।

# ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड में कई कर्मचारियों के साथ योग दिवस मनाया गया। योग प्रशिक्षक राज्य कार्यकारिणी सदस्य युवा भारत पतंजलि योगपीठ उत्तराखंड की और से दीपक देव जी द्वारा योगा कराया गया। जिसमें उन्होंने कई प्रकार के आसान ओर प्राणायाम कराए गए। जैसे श्वास क्रिया,सूर्य नमस्कार, शवासन क्रिया, कपालभाती, अनुलोम विलोम, पद्मासन, ध्यान



आदि कई तरह के योग अभ्यास कराए व उनके लाभ भी बताए गए।इसी के साथ रम्पुरा की आंगनवाडी में धात्री महिलाएं, कुपोषित बच्चों एवम उनकी माताएं एवं आंगनवाडी के स्कूल के बच्चों के साथ पूनम शर्मा के द्वारा अनेक प्रकार के आसन प्राणायाम एवम फिजिकल एक्सरसाइज कराई गई एवम उनके लाभ भी बताए और योगाभ्यास को नियमित रूप से अपनी दिनचर्या मैं सामिल करने की सलाह दी गई।

# काम करने गई युवती लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। करीब एक सप्ताह पूर्व घर से काशीपुर रोड स्थित एक कालोनी में काम करने गई युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना दर्ज करा दी है। परिजनों का कहना है कि उनकी 19 वर्षीय पुत्री 16 जून को काशीपुर मार्ग पर एक कालोनी में रोज की तरह काम करने के लिए घर से रवाना हुई थी । लेकिन उसके बाद से वह घर वापस नहीं लौटी। उसकी सभी संभावित स्थानों पर तलाश की गई लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस ने सूचना दर्ज कर लापता युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# गैस सिलेंडर फटने से घर की गिरी दीवार, महिला घायल

पिथौरागढ़ । पिथौरागढ़ नगर के कुमौड क्षेत्र में स्थित सिंचाई विभाग कॉलोनी में गैस रिसाव से एक मकान में विस्फोट हो गया। धमाके से दीवार गिरने से बसंती देवी दब गई। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड सहित पुलिस और गैस एजेंसी के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। बताया गया है कि गैस सिलेंडर में रिसाव के चलते कमरे में गैस भर गई थी सुबह बसंती देवी ने चाय बनाने के लिए जैसे ही माचिस की तीली जलाई जोरदार विस्फोट के साथ आग लग गई। आग की चपेट में आने से बसंती देवी करीब 30 प्रतिशत झुलस गई जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने कहा कि महिला की हालत खतरे से बाहर है।

# तेंदुए के हमले से किशोरी घायल

बाजपुर। बाजपुर में गांव गोबरा क्षेत्र में तेंदुए का आतंक बना है। रविवार देर शाम तेंदुए ने हमला कर किशोरी को घायल कर दिया। शोरगुल होने पर तेंदुआ जंगल की तरफ भाग गया। घटना से ग्रामीणों में दहशत है।रविवार देर शाम सात बजे गांव गोबरा निवासी गुरदेव सिंह की बेटी संदीप कौर (13) घर के पास शौच



के लिए गई थी। तभी तेंदुए ने उसपर अचानक हमला कर दिया। किशोरी की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण दौड़ पड़े। शोरगुल होने पर तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। घायल किशोरी को परिवार के लोगों ने उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।वहीं, रामनगर डीएफओ पीसी आर्य ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है, फिर भी बन्नाखेड़ा रेंज के कर्मचारियों को मौके पर भेज पड़ताल कराई जाएगी।

# प्रबंधक कमेटी ने कराया सुखमनी साहिब का पाठ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा गोल मार्केट की नव निर्वाचित प्रबंधक कमेटी द्वारा श्री गुरूनानक देव जी का शुक्राना मानते हुए आज गुरूद्वारा में सुखमनी साहिब जी का पाठ करवाया गया। जिसके उपरांत प्रधान प्रीतम सिंह चावला ने कहा कि गुरू महाराज जी ने जो सेवा करने का हुकुम दिया है उसका श्रद्धा एवे ईमानदारी के साथ निभायेंगें। कीर्तन के पश्चात लंगर प्रसाद वितरित किया गया। अंत में प्रधान प्रीतम सिंह चावला व स्त्री सत्संग सभा की प्रधान परमजीत कौर ने सभी संगत का आभार व्यक्त किया। इ दौरान भारी संख्या में संगत उपस्थित थी।

# सड़क पर पलटा यात्रियों से भरा टेंपो ट्रैवलर

चमोली। बदरीनाथ हाईवे पर रविवार को लामबगड़ के पास एक यात्री वाहन पहाड़ी से टकराकर सड़क पर पलट गया। दुर्घटना में दस यात्री घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर बदरीनाथ से यात्रियों को लेकर हरिद्वार के लिए निकला ट्रेंपो ट्रैवलर लामबगड़ के पास जेपी कंपनी के सामने अचानक पहाड़ी से टकराकर सड़क पर पलट गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को जेपी अस्पताल में पहुंचाया। गोविंदघाट थाना प्रभारी लक्ष्मी प्रसाद बिजल्वाण ने बताया कि वाहन में बिहार, लखनऊ, उज्जैन, अमेठी और हैदराबाद के 16 यात्री सवार थे। चालक पवनेश कुमार ने बताया कि वाहन के ब्रेक फेल होने से वाहन पहाड़ी से टकराकर पलट गया। घायलों का उपचार जेपी अस्पताल में चल रहा है।

# सिडाना ने व्यापार मण्डल अध्यक्ष के लिये ठोकी दावेदारी

किच्छा(उद संवाददाता)। पूर्व नगर पालिका सभासद , मंडी समिति



डायरेक्टर एवं लोहा व्यापारी अशोक सिडाना ने प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने की घोषणा की है उन्होंने यहां उत्तरांचल दर्पण से वार्ता करते हुए कहा कि नगर के व्यापारियों के हित को देखते हुए उन्होंने यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि नगर के व्यापारियों की समस्याओं के समाधान करने के लिए एक जुझारू ,कर्मठ,ईमानदार एवं प्रयत्न शील नेतृत्व की आवश्यकता है। जो कि अभी तक किच्छा नगर व्यापार मंडल को नहीं मिल पाया है अभी तक नगर के व्यापारियों के हितों के लिए किए गए कार्य ना काफी रहे उन्होंने कहा कि नगर के व्यापारियों की विभिन्न समस्याएं आज भी जस की तस है।व्यापार मंडल के पूर्व में पदाधिकारियों ने व्यापारियों की आम समस्याएं नहीं उठाई गई और ना ही उनकी मूलभूत समस्याओं को संगठन द्वारा हल करने का प्रयास किया गया पूर्व में महज खाना पूर्ति तक ही संगठन सिमटा रहा उसको देखते हुए उन्होंने नगर व्यापार मंडल संगठन को गति देने के लिए चुनावी मैदान में उतरने का मन बनाया है उन्होंने यह भी कहा कि अभी नगर व्यापार मंडल में व्यापारियों की सदस्यता अभियान चल रहा है इसी अभियान के साथ जुड़ते हुए उन्होंने व्यापारियों से संपर्क बनाना शुरू कर दिया है तथा नगर के व्यापारियों द्वारा उन्हें भरपूर सहयोग देने का आश्वासन प्राप्त हुआ है । उन्होंने यहां भी कहा कि नगर में चुनाव प्रक्रिया को लेकर जो भी प्रतिरोध था वह अब दूर हो गया है तथा चुनाव समिति द्वारा सीमा विस्तार कर सराहनी कार्य किया है जिसकी प्रशंसा करना आवश्यक है उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान चुनाव समिति सदस्यता अभियान चलाए हुए हैं प्रत्येक व्यापारी को अपना सदस्यता फॉर्म भरकर अपनी सदस्यता ग्रहण करनी चाहिए और एक सशक्त व्यापार मंडल का सृजन करना चाहिए उन्होंने कहा कि वह कुछ दिनों में व्यापक तरीके से अपना प्रचार प्रसार प्रारंभ कर देंगे तथा नगर क्षेत्र अंतर्गत सभी व्यापारियों के हित के लिए प्रयासरत रहेंगे।

# कमरे में फांसी पर लटका मिला एयरपोर्ट कर्मचारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: पंतनगर एयरपोर्ट में काम करने वाला एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में अपने कमरे में फांसी पर लटका पाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से राई पिथौरागढ़ निवासी 35 वर्षीय आशीष चौसाली पुत्र खीमानन्द यहां पंतनगर एयर पोर्ट में एटीसी विभाग में कार्यरत था। आज प्रात: जब वह ड्यूटी पर नहीं पहुचा तो उसके साथी उसे लेने जब उसके कमरे में गये तो दरवाजा भीतर से बंद मिला। काफी आवाजें देने पर भी दरवाजा नहीं खुला तो मामले से पुलिस को अवगत कराया गया। जानकारी मिलते ही पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने दरवाजा तोड़ कर भीतर देखा तो आशीष फांसी पर लटका हुआ था और उसने महिलाओं सा श्रृंगार भी किया हुआ था। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जाता है कि मृतक की पत्नी शिक्षिका है और उसकी एक मासूम पुत्री है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

# बदमाश ने किसके शव का खुद के नाम कराया पोस्टमार्टम?

## पुलिस को अज्ञात शव मन्नीदर का होने पर संदेह, जांच जारी

सितारगंज(उद संवाददाता)। लावारिस शव का खुद के नाम से पोस्टमार्टम कराने का वाले बदमाश मुकेश और उसके साथियों का मामला काफी पेचीदा होता जा रहा है। पुलिस को संदेह है कि जिस शव का पोस्टमार्टम बदमाश के साथी मनिंदर सिंह के नाम से कराने का दावा किया जा रहा है, वह लाश किसी अज्ञात व्यक्ति की भी हो सकती है। जिसकी पुलिस गहराई से जांच पड़ताल में जुट गई है। ऐसा इसलिए कि मनिंदर 2015 में गायब हुआ और उसके भाई ने वर्ष 2016 में गुमशुदगी की सूचना दी गई। बताते चले कि 25 अगस्त 2022 को थाना रोजा शाहजहांपुर में मुनीश यादव निवासी आदर्श कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया था। जामा तलाशी में आरोपी के पास से 29 जुलाई 2015 को मृत मुकेश यादव पुत्र भीकम सिंह से जुड़ी पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिली। आरोपी ने पुलिस को बयानों में बताया कि उसका असली नाम मुकेश यादव है और वह मूढ़ पांडे मुरादाबाद का रहने वाला है। उसे पर लूट डकैती के मुकदमों के अलावा बीमा कंपनियों का लाखों रुपए का कर्ज था। मुकदमा से बचने के लिए उसने सितारगंज के मोर्चरी के कर्मी से मिलकर 30000 में अज्ञात शव के पास डायरी आधार कार्ड रख दिया था। जिसके बाद 2015 को जांच में सामने आया कि सितारगंज सरकारी अस्पताल के ज्वाला प्रसाद द्वारा मेमो मुकेश कुमार पुत्र भीकम सिंह निवासी पीतल नगरी मुरादाबाद के नाम से दर्ज है। जिसमें मृतक के शव की पहचान गिरफ्तार आरोपी के परिजनों और रिश्तेदारों ने भी मुकेश के नाम से की है। जिसमें अज्ञात शव की मौत का कारण सड़क हादसा बताया गया है। जांच में सामने आया कि मुकेश यादव और उसके बहनोई पप्पू



कुमार पाल धर्मपाल ने मिलकर मनिंदर सिंह का शव षड्यंत्र के तहत मुकेश यादव के नाम से पहचान कराकर षड्यंत्र रचा है। पुलिस ने इस मामले में मुकेश, धर्मपाल, भीकम सिंह, पप्पू, सुधा, संगीता के खिलाफ हत्या और सबूत मिटाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। लेकिन पुलिस को संदेह है कि जिस अज्ञात शव का पोस्टमार्टम बदमाश मुकेश के नाम से कराया गया है वह शव किसी और अज्ञात व्यक्ति का हो सकता है। पुलिस मनिंदर के नाम से पहचान कराए गए अज्ञात शव की बारीकी से जांच कर रही है। ऐसा इसलिए शव का चेहरा उस वक्त कुचला हुआ था। जिसमें कोई पहचान उजागर नहीं थी। वर्ष 2015 में मनिंदर गायब हुआ था और वर्ष 2016 में उसके भाई ने गुमशुदगी दी थी जो अधूरी है। कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने बताया कि मामले की गहनता पूर्वक जांच की जा रही है। अज्ञात शव किसका था इसकी बारीकी से पड़ताल की जा रही है।

# गर्जिया पर्यटन जोन को साल भर खोले जाने की मांग

रामनगर(उद संवाददाता)। सोमवार को जिम कॉर्बेट नेचर गाइड एसोसिएशन के तत्वाधान में मौजूद नेचर गाइडो कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक दीगांत नायक को ज्ञापन सॉफ्टवेयर कहा कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व रिंगोडा गेट गर्जिया जोन को मानसून सीजन में स्थानीय ग्रामीणों के रोजगार एवं संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष भर खोला जाए उन्होंने कहा कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व का यह एक ऐसा पर्यटन जोन है जहां पर महिला नेचर गाइड भी



तैनात है उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की बात करती है तो वही इस प्रकार के निर्णय लेकर महिलाओं का आगे रोजगार का संकट पैदा कर रही है उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मानसून सत्र में पार्क के कुछ जोनों को खोला जाता है उसी प्रकार इस जोन को भी खोला जाए मांग पूरी न होने पर उन्होंने 15 दिन के बाद उग्र आंदोलन करने की चेतावनी थी है वही मामले में उपनिदेशक दीगांत नायक ने बताया कि इस मामले में विभाग का प्रयास है कि इसे भी वर्ष भर खोला जाए जिसको लेकर उच्च अधिकारियों से पत्राचार किया जा रहा है उन्होंने कहा कि गाइडो की मांग को गंभीरता से लेते हुए प्रयास किए जाएंगे।






# संदिग्ध हालातों में घर से बिना बताये निकली किशोरी लापता

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी घर से लापता हो गई। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना कोतवाली में दर्ज करा दी है। जानकारी के अनुसार बरेली रोड़ तीनपानी निवासी एक व्यक्ति ने दर्ज कराई सूचना में बताया कि 21 जून को उसकी 15 वर्षीय पुत्री घर से बिना बताए निकली थी। काफी देर तक वापस नहीं लौटी तो रिश्तेदारों व परिचितों में उसकी खोजबीन की गई। लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल पाया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि किशोरी की गुमशुदगी दर्जकर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।


**आवश्यकता है**

| | |
|---|---|
| अकाउंटेंट टेली- | 3 वर्ष का अनुभव |
| फील्ड ऑफिसर- | 3 वर्ष का अनुभव |
| रिसेप्शनिस्ट- | 2 वर्ष का अनुभव |
| सुपरवाइजर- | 3 वर्ष का अनुभव |
| माली- | 3 वर्ष का अनुभव |
| चपरासी | |

Mail yr bio data on
Aalishan.uk@gmail.com

-संपर्क करें-
मो.9568300015,17







# एक दिवसीय एकल ग्राम संगठन महिला वर्ग सम्पन्न

गूलरभोज (उद संवाददाता)। एकल अभियान सम्भाग उत्तराखंड के अंतर्गत अंचल ऊधम सिंह नगर का स्नेह सम्पर्क परिवार (महिला विभाग) के प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ ए एनके पाण्डेय ने सामूहिक रूप से किया।वर्ग की भूमिका रखते हुए शांति पाण्डेय ने एकल अभियान में महिला समिति की भुमिका एवं वर्ग का उद्देश्य बताया। मा स्नेह पाल सिंह ने एकल अभियान में आभार व्यक्त किया।अ ध्यक्षता कर रही गोल्डी बंसल ने समस्त आगुंतकों का धन्यवाद किया एवं बताया की विभिन्न सत्रों में अलग -अलग विषयों के माध्यम से वर्ग पूर्ण होगा। इस श्री हरीश बजाज , ग्राम स्वराज योजना के प्रांत सह संयोजक श्री राकेश सिंह , अंचल उपाध्यक्ष श्री भगत सिंह धर्म सत्तू , अंचल सचिव श्री संव भटेजा , अंचल सदस्य श्री नरेश सिंह , संच





इण्टर कालेज गुलरभोज में मां भारती के चरणों में द्वीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि श्रीमती मानवेन्द्र पाण्डेय , मुख्य वक्ता मा स्नेहपाल सिंह , अध्यक्ष श्रीमती गोल्डी बंसल , श्रीमती ममता भटेजा , प्रभाग उपाध्यक्ष श्रीमती शांति महिला विभाग के प्रारंभ से लेकर आज तक की यात्रा के विषय में तथा अभियान में महिला समिति के संरचना के सन्दर्भ में जानकारी दी। मुख्य अतिथि मानवेन्द्र सिंह ने एकल अभियान के कार्य की सराहना करते हुए सभी बहनों का अवसर पर वर्ग संयोजक श्रीमती विजेता पानू , सम्भाग उपाध्यक्ष श्रीमती शैली बंसल , सम्भाग महिला समिति सचिव श्रीमती इन्द्रा चन्द , गुलर भोज नगर पालिका निवर्तमान अध्यक्ष श्रीमती अनीता दुबे , सम्भाग अध्यक्ष अध्यक्ष लोकपाल शाही , अंचल उपसचिव विषन सिंह , राजेन्द्र मेहरा , योगेश पानू ,उदयभान, राजेश , अरविन्द कन्नौजिया, फाल्गुनी सरकार, मनीषा नेगी, भावना उपाध्याय, अत सिंह, रामेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

# बहन के घर जाते भाई की हादसे में मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सितारगंज सिडकुल कंपनी से ड्यूटी समाप्त कर रात्रि काठगोदाम अपनी बहन के घर जा रहे भाई की मार्ग में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा कि चोरगलिया के पास उसे एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार पंकज राम पुत्र रंजीत निवासी वार्ड 11 बंगाली कॉलोनी सितारगंज, सिडकुल में नौकरी करता था। विगत रात्रि करीब 10 बजे वह ड्यूटी खत्म होने के बाद अपनी बाइक से काठगोदाम में रहने वाली बहन से मिलने के लिए घर से निकला था। चोरगलिया के पास अज्ञात वाहन चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे पंकज गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे 108 एंबुलेंस की मदद से सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

# वाहन चोरों ने उड़ाई मोटर साइकिल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने विगत दिवस बुद्ध बाजार सब्जी मंडी से सामान लेने आए व्यक्ति की मोटर साईकिल चोरी कर ली। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में गोविंदपुर गढ़वाल मुखानी निवासी दिरगपाल मूलरूप मूल निवासी फरीदपुर बरेली उत्तर प्रदेश ने कहा है कि 19 जून की शाम वह बुध बाजार सब्जी खरीदने गए थे। अपनी बाइक उन्होंने बाजार के पास लाक लगाकर सड़क पर खड़ी कर दी थी। वापस लौटने पर देखा उनकी मोटर साइकिल चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने मोटर साइकिल चोरी का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# लेबर अड्डे से युवक की बाइक छीनकर दो बदमाश हुए फरार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा मार्ग पर स्थित लेबर अड्डा अपराधियों का गढ़ बन गया है। यह आए दिन मारपीट, लूट छीना झपटी की वारदातें घटित हो रही हैं। गत दिवस यहां दो अज्ञात बदमाश एक व्यक्ति से जबरन बाईक छीनकर फरार हो गए। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। बालक राम पुत्र प्रेमपाल निवासी फौजी मटकोटा बालाजी इन्कलेव ने बताया कि 23 जून को सुबह करीब 10 बजे वह अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06ए डब्लू 0393 पर सवार होकर लेवर अडडा निकट मेडिसिटी गया था। वह अपनी मोटर साईकिल पर बैठा हुआ था कि तभी वहां पर दो व्यक्ति आये और उससे 5 मिनट के लिये मोटर साईकिल मांगने लगे। जब उसने कहा कि तुम अन्जान हो तुम्हे मोटर साईकिल क्यू दूं। तो उक्त दोनो व्यक्तियो ने जबरदस्ती उसकी मोटर साईकिल छीन ली और मोटर साईकिल स्टार्ट करके भाग गये।

# ऑल इंडिया पुलिस ताइक्वांडो प्रति. में शामिल होने टीम रवाना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुवाहाटी में आयोजित हो रही पुलिस ताइक्वांडो ऑल इंडिया पुलिस ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए टीम रवाना हो गई है । टीम में रुद्रपुर निवासी ताइक्वांडो खिलाड़ी हरप्रीत सिंह, कुमारी पूजा यादव, कुमारी खुशबू यादव, मनीष सनवाल शामिल हैं। प्रतियोगिता असम के गुवाहाटी शहर में 24 से 30 जून तक आयोजित की जाएगी। रुद्रपुर के चयनित खिलाड़ियों के पदक लाने की संभावना प्रबल है। उधम सिंह नगर जिला ताइक्वांडो संघ के पदाधिकारी द्वारा खिलाड़ियों का उत्सवर्धन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों द्वारा विगत वर्ष 37 वे राष्ट्रीय खेलों में भी उत्तराखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए पदक प्राप्त किए थे। उक्त जानकारी उधम सिंह नगर जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष गुलाब सिंह सिरोही द्वारा दी गई। इस दौरान जिला ताइक्वांडो संघ सचिव अमित शर्मा, खुशाल सिंह धपोला, सलीम, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद, अनिल खत्री आदि मौजूद थे।

# व्यापारी शांति रंजन मंडल के निधन पर शोक व्यक्त किया



दिनेशपुर। नगर के मनहारी व्यापारी शांति रंजन मंडल (42) का आकस्मिक निधन हो गया है। वे पिछले कुछ समय से बीमार थे। एक सप्ताह पहले तबीयत बिगड़ने पर उन्हें हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शनिवार की रात को इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।शोक में रविवार दोपहर दो बजे तक नगर का बाजार बंद रहा। दोपहर बाद नगर के मोक्षधाम में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। निधन पर विधायक अरविंद पाण्डेय, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन हिमांशु सरकार आदि ने शोक व्यक्त किया है।

# एसएसपी के खिलाफ लोगों का फूटा आक्रोश

## भारी विरोध प्रदर्शन के बाद हल्द्वानी पहुंचे एसएसपी ने दिया 24 घंटे में कार्यवाही का आश्वासन

### कोतवाली में भाजयुमो, बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, गौ रक्षक दल समेत अन्य संगठनों ने दिया धरना, बनभूलपुरा थाना क्षेत्र से लापता दो छात्राओं को शीघ्र बरामद करने की मांग

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। बनभूलपुरा से लापता हुई नाबालिक लड़कियों की तीन दिन बाद भ्ज्ञी बरामदगी नहीं होने और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हल्द्वानी कोतवाली में पुलिस प्रशासन के खिलाफ लागों ने जमकर हंगामा काटा। आक्रोशित लोगों ने शहर की कोतवाली का घेराव कर कई घंटो तक धरना देकर एसएसपी को मौके पर बुलाकर मामले में अतिशीघ्र कार्यवाही करने की मांग उठाई। वहीं देर सायं एसएसपी ने कोतवाली पहुंचकर प्रदर्शकारी लोगों से हिंदूवादी संगठनों के लोग एकत्र होकर लापता बेटियों को तीन दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लगने पर पुलिस प्रशासन के खिलाफ आक्रोशित हो उठे। वहीं कोतवाली में धरने पर बैठ गये। इस दौरान उन्होंने एसएसपी को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। लगभग पांच घंटे तक चले हंगामे के दौरान भाजयुमो, बजरंग दल, विश्व हिंदू बाद पहुंचे एसएसपी के आश्वासन पर प्रदर्शनकारी वापस गए। बताया जा रहा है कि तीन दिन पहले बनभूलपुरा थाना क्षेत्र से कक्षा नौ और 11वीं में पढ़ने वाली दो छात्राएं अचानक लापता हो गईं। आरोप है कि मोहल्ले के ही रहने वाले समुदाय विशेष का एक 16 वर्षीय किशोर दोनों को भगाकर ले गया है। इस प्रकरण में शुक्रवार को बनभूलपुरा थाने के नहीं मिलने पर लोग उन्हें बुलाने की मांग पर अड़ गए। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ नितिन लोहनी समेत तमाम पुलिस अधिकारी उन्हें मनाने की कोशिश करते रहे। अधिकारियों ने बताया कि एसएसपी तुरंत नहीं आ सकते। इससे गुस्साए लोगों ने मौके पर पुलिस और एसएसपी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही चेतावनी थे। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से पांच बार वार्ता की। पहले कोतवाल, फिर बनभूलपुरा थानाध्यक्ष, सीओ नितिन लोहनी और एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने पांच बार कोशिश की लेकिन प्रदर्शनकारियों को मना नहीं सके। एसएसपी का पुतला लेकर संगठन और भाजपा के लोग नैनीताल रोड पर पहुंच गए। इससे हाईवे बनभूलपुरा, कोतवाल से तकरार हो गई। किसी तरह पुलिस ने पुतला खींचकर अपने वाहन में रखा। संगठन के लोग एसएसपी को बुलाने की मांग कर रहे थे। एसएसपी के नहीं आने पर संगठन के लोगों ने पुलिस बहुउद्देशीय भवन के सामने ही हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। इस कारण पुलिस असहज नजर आई। इस दौरान सीओ सिटी नितिन लोहनी ने प्रदर्शनकारियों की एसएसपी से बात भी कराई लेकिन वे नहीं माने। उन्होंने साफ कहा कि जब तक एसएसपी मौके पर आकर आश्वासन नहीं देते हैं, तब तक





वार्ता की है। वहीं भारी विरोध प्रदर्शन के बाद एसएसपी नैनीताल से हल्द्वानी पहुंचे। लोगो ने एसएसपी से 24 घंटे के अंदर ठोस कार्रवाई करने की मांग की।जिस पर एसएसपी ने जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि एक और टीम को यूपी भेजा जाएगा और जल्द से जल्द आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी। तब जाकर कही माहौल शांत हुआ। गौरतलब है कि रविवार को भारी संख्या में क्षेत्र के परिषद, गौ रक्षक दल समेत अन्य संगठनों ने पुलिस बहुउद्देशीय भवन में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी पुलिस अधिकारियों से एक के बाद एक सवालों की बौछार कर रहे थे लेकिन अफसरों के पास जवाब नहीं थे। वहीं, एसएसपी के मौके पर नहीं आने से गुस्साए संगठनों ने एसएसपी का पुतला फुंकने का भी प्रयास किया। पांच घंटे तक पुलिस बहुउद्देशीय भवन और कोतवाली में अफरातफरी का माहौल रहा। पांच घंटे में लोगों ने हंगामा किया था। रविवार को चौथे दिन भी जब नाबालिग छात्राओं का कोई सुराग नहीं लगा तो दोपहर 12 बजे भाजयुमो के जिलाध्यक्ष कार्तिक हर्बोला, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष नन्हें कश्यप, भाजपा किसान मोर्चा के कमल मुनि, शिवसेना के रूपेंद्र नागर, गौ रक्षक दल के जोगेंद्र सिंह राणा और बजरंग दल के पदाधिकारी एसएसपी पीएन मीणा से मिलने पुलिस बहुउद्देशीय भवन पहुंच गए। एसएसपी के लोग एसएसपी से आश्वासन चाहते दी कि दोपहर साढ़े तीन बजे तक एसएसपी नहीं आते तो वह उनका पुतला फूंकेंगे। शाम पांच बजे एसएसपी मौके पर पहुंचे। उन्होंने जल्द ही दोनों नाबालिग छात्राओं की बरामदगी का आश्वासन दिया। जांच कर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद लोगों ने धरना समाप्त किया। एसएसपी वीवीआईपी ड्यूटी पर थे और उनका तुरंत आना संभव नहीं था। संगठन के लोग एसएसपी से आश्वासन चाहते पर जाम लग गया। पुलिसकर्मियों और प्रदर्शनकारियों के सड़क पर आने से जाम और लंबा हो गया। दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। इस कारण नैनीताल रोड पर दोनों ओर करीब एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया। इस दौरान आधा घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। वहीं एसएसपी का पुतला जलाने को लेकर पुलिस और संगठन के लोगों में जमकर धक्कामुक्की हुई। इस दौरान प्रदर्शनकारियों की सीओ, एसओ वह मौके पर बैठे रहेंगे। विरोध प्रदर्शन करने करने वाले शिव सैनिकों में शिव सेना प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेंद्र नागर, नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष प्रमोद आर्य, मीडिया प्रभारी अभिषेक कश्यप, कालाढूंगी विधानसभा प्रभारी मुकेश जोशी, अशोक सिंधी, प्रदीप पाठक, चिराग चावला, सुनील कुमार, सरजू पांडे, मनोज गुप्ता, भीमताल विधानसभा अध्यक्ष मुकेश बिष्ट, नगर सचिव पूरन सागर सहित कई अन्य सनातनी मौजूद थे।

# राज्यपाल ने सपरिवार गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में की अरदास

### गुरूद्वारा कमेटी के पदाधिकारियों ने सरौपा भेंट कर किया सम्मानित

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। प्रदेश के राज्यपाल एंव रि. ले. जनरल स. गुरमीत सिंह ने सपरिवार गुरूद्वारा साहिब में मत्था टेक अरदास की। राज्यपाल को गुरूद्वारा कमेटी द्वारा सरौपा एंव स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रदेश के राज्यपाल गुरमीत सिंह ने सपरिवार गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में पहुंचे। जहां उनका गुरूद्वारा पहुंचने पर गुरूद्वारा कमेटी के प्रधान जोगेन्द्र सिंह संधु, किसान आयोग के उपाध्यक्ष स. राजपाल सिंह, पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राणा ने स्वागत किया। जिसके पश्चात राज्यपाल अपने परिवार के साथ गुरूद्वारा साहिब पहुंचे। जहां उन्होंने गुरूद्वारे में चढ़ाने के लिए प्रसाद खरीदा। तत्पश्चात राज्यपाल ने गुरूद्वारा साहिब में जाकर मत्था टेककर संगत के समक्ष बैंठकर अरदास सुनी। गुरूद्वारा साहिब में गुरूद्वारा कमेटी के प्रधान जोगेन्द्र सिंह संधु एंव कारसेवा बाबा रविन्द्र सिंह ने राज्यपाल व पत्नी को सरौपा एंव स्मृति चिन्ह भेट किया। जिसके बाद राज्यपाल ने पीपल साहिब के दर्शन कर पीपल साहिब के पत्तों को निहारा। इस मौके पर गुरूद्वारा प्रधान जोगेन्द्र सिंह संधु, महासचिव अमरजीत सिंह, किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राणा, डायरेक्टर सुखवंत सिंह सोनी, गुरदयाल सिंह, प्रबंधक रणजीत सिंह, प्रेम सिंह टुरना सुखवंत सिंह भुल्लर,रणजीत सिंह राणा, उमेश अग्रवाल आदि मौजूद थे। इससे पूर्व प्रदेश के राज्यपाल रि. ले. कर्नल को नानकमत्ता आगमन पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। गुरूद्वारा साहिब मेंराज्यपाल गुरमीत सिंह के आगमन पर गुरूद्वारा परिसर से बाहर उन्हें पुलिस सुरक्षा की मौजुदगी में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान एसपी मनोज कत्याल, सीओ मनोज रावत, एसओ देवेन्द्र गौरव आदि मौजूद थे।








# श्रीमद्‌भागवत कथा जीवन के उद्देश्य को दर्शाती है:आचार्य नीरजा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री अनंत प्रेम आश्रम में गत दिवस श्रीमद्‌भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कथा के पहले दिन कथावाचक आचार्य नीरजा शरणार्थी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक ऊर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा श्रीमद्‌भागवत कथा में मुख्य यजमान जैन प्रॉपर्टीज और बंसल परिवार ने शास्त्र श्लोक दायित्व का निर्वहन किया। कथा वाचक नीरजा शरणार्थी ने बताया कि आत्मदेव जो कि एक वेद पाठी ब्राह्मण थे, समय बाद गाय ने एक बच्चे को जन्म दिया। भागवत कथा सुनकर धुंधकारी को मोक्ष की प्राप्ति और प्रेत योनि से मुक्ति मिली। इस दौरान कथा व्यास आचार्य नीरजा शरणार्थी, संत प्रेम निष्ठानंद बाई





जी, पंडित लव कुश शास्त्री श्री धाम वृंदावन, जैन प्रॉपर्टीज, कमल जैन, कमल बंसल, श्रीमति अंजू बंसल, अरिहंत बंसल,चारुल बंसल, अंशिका, उजाला, आदीश, महक, सालिकराम बंसल, राधेश्याम बंसल, विष्णु बंसल, महेश बंसल, गोपेश बंसल, जसपाल अरोरा,

विश्व में सभी कथाओं में श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसका सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियों को ही मिलता है।उन्होंने कहा कि भागवत ऐसी कथा है, कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। बड़े ही विद्वान थे, लेकिन उनके यहां कोई पुत्र नहीं था। वह ग्लानि से भरे हुए एक दिन जंगल में जा पहुंचे। वहां उन्हें एक साधु के दर्शन हुए। साधु ने उन्हें एक फल दिया। आत्मदेव की पत्नी धुंधली ने वह फल अपनी गाय को खिला दिया। कुछ खैराती लाल गगनेजा, सुभाष गगनेजा, चेतन, राजू हुडिया, शिवम, राजपाल पुष्पा रानी, कीर्ति, प्रिया , मानसी, कुंदन लाल अग्रवाल, बजरंग लाल अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल, मनोज गोस्वामी, राधा रानी अग्रवाल आदि भक्त उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस सेपक टकरा मैच आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर कल्याणी व्यू स्थित सेपक टकरा अकादमी में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस धूमधाम से मनाया गया तथा सेपक टकरा मैच का आयोजन किया गया। खिलाड़ियों ने केक काटकर मैच का शुभारंभ किया। जिला उधम सिंह नगर ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ नागेंद्र शर्मा ने बताया कि उत्तराखंड प्रदेश में आने वाले समय में राष्ट्रीय खेल प्रस्तावित है। जिस तरह ओलंपिक में सभी देशों की टीमें भाग लेती है इस तरह जब उत्तराखंड में



राष्ट्रीय खेल होंगे उसमें पूरे भारतवर्ष की विभिन्न प्रदेशों के विभिन्न खेलों की टीमों का भी एक मिनी ओलंपिक होगा। इस अवसर पर भूपेश दुमका, प्रोफेसर डीडी जोशी, अंकुश रौतेला, योगेश पांडे, चेतन भट्ट, प्रगति दुमका, कशिश शर्मा, श्वेता भाकुनी, पवन सिंह बिष्ट, दीपक अधिकारी, राहुल जोशी, शुभम नेगी, संजय शाह, राजेश कुमार, शुभ श्रीवास्तव, सचिन पांडे सहित अनेको खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस मनाया। ओलंपिक दिवस के अवसर पर आयोजित मैच में कल्याणी व्यू स्थित सेपक टकरा अकादमी ने रुद्रपुर की टीम को 3-0 से पराजित किया।

# बिजली कटौती से गुस्साए व्यापारियों ने ईई को घेरा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर क्षेत्र में पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बिजली कटौती से व्यापारियों का रोष थमने का नाम नहीं ले रहा है। आखिरकार गत दिवस व्यापारियों का रोष उभरकर सड़क पर आ गया। गुस्साए व्यापारियों ने प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्षा विपिन गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों ने



ऊर्जा निगम दफ्तर जाकर जोरदार प्रदर्शन कर अधिशासी अभियंता का घेराव किया। व्यापारियों ने कहा कि रोज-रोज बिजली कटौती से उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है तो वहीं दिन-रात बिजली की कटौती से आम जनता भी परेशान है। व्यापारियों ने व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं होने पर कार्यालय में तालाबंदी करने और अधिकारियों के घरों के आगे प्रदर्शन की चेतावनी दी। विपिन गुप्ता ने कहा कि शहर में लगातार हो रही बिजली कटौती से व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। जितनी बिजली दिनभर में आती थी उससे ज्यादा अब कटौती हो रही है। आम लोग भी बिजली कटौती से परेशान हैं। उन्होंने चेताया कि यदि बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं किया गया तो व्यापारी वर्ग उग्र आंदोलन करेगा। प्रदर्शन व घेराव करने वालों में जिला महामंत्री हर्षवर्द्धन पांडे, प्रदेश मंत्री रूपेंद्र नागर, शांति जीना, हितेंद्र भसीन, युवा जिलाध्यक्ष प्रदीप सब्बरवाल, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल, उपेंद्र कनवाल, संदीप सक्सेना, जिला महिला महामंत्री उर्वशी बोरा, ज्योति मेहता, प्रफुल्ल पांडे, पवन वर्मा, कौशलेंद्र भट्ट, अरविंद चौहान, चंद्र शेखर पांडे आदि व्यापारी शामिल रहे।

# ग्रीष्म ऋतु में सुबह पांच से दस बजे तक काम कर सकेंगे सफाई कर्मी

## पर्यावरण मित्रों ने मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री बहुगुणा का आभार जताया

सितारगंज(उद संवाददाता)। ग्रीष्म ऋतु में भीषण गर्मी के तापमान से सफाई कर्मियों को बचाने के लिए शासन ने पर्यावरण मित्रों के कार्यों में बड़ी राहत प्रदान की है। इसके बाद पर्यावरण मित्र सुबह 5 से सुबह 10 बजे तक ही कार्य कर सकेंगे। जिसको लेकर पर्यावरण मित्रों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा का आभार जताया है। सोमवार को नगर पालिका परिषद में अखिल भारतीय वाल्मीकि समाज विकास परिषद के पदाधिकारी एकत्रित हुए। उन्होंने कहा कि शासन ने आदेश जारी करते हुए ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत



पर्यावरण मित्रों कोध भीषण गर्मी तापमान से बचने के संबंध में एक पारी मेंध प्रातः 5 से 10 तक कार्य करने के आदेश किए हैं। जिससे कि पर्यावरण मित्रों को रक्तचाप, हृदयघात, लू आदि लगने से बचाया जा सके। आदेश जारी होते ही पर्यावरण मित्रों में खुशी की लहर है। पर्यावरण मित्रों द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कैबिनेट मंत्री माननीय सौरभ बहुगुणा का आभार व्यक्त किया। आभार ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष विनय कुमार, महामंत्री राजू भारती, सतीश, रोहित, विनय, बलदेव प्रसाद, राजेंद्र, दिनेश, पप्पू, लखन, रामकिशन आदि पर्यावरण मित्र मौजूद थे।

# भूमि विवाद के चलते निर्माणाधीन पुलिया का कार्य हुआ बाधित

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। नगर के निकटवर्ती गांव सुंदरपुर से होकर गुजरने वाली भाखड़ा नदी पर बन रहे रपटा पुल का कार्य भूमि विवाद के चलते रुक गया। जिसपर ग्रामीणों और कार्यदायी संस्था के मध्य जमकर नोंकझोंक हुई। बाद में मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने ग्रामीणों को बमुश्किल शान्त किया। बताते चलें रविवार को सुंदरपुर के तमाम ग्रामीणों ने 16 लाख की लागत से बन रहे रपटा पुल के निर्माण को लेकर जमकर हंगामा किया। जिसके बाद कार्यदायी संस्था लघु सिंचाई विभाग के अधिकारी सुशील कुमारअवर अभियंता टिंकू सिंह व ठेकेदार ऋषभ बठला के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा निर्माण कार्य अभी चल रहा है रास्ते मे पड़ने वाली मिट्टी पर जमीनी विवाद उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कार्य को नियमित सुचारू रख पुलिया का निर्माण कराया जाएगा। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित नारंग ने भी ग्रामीणों व जमीन स्वामी से वार्ता की गई।







# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## परीक्षाओं में धांधली के दोषी

पिछले कुछ दिनों से राष्ट्रीय स्तर पर कुछ महत्त्वपूर्ण परीक्षाओं में धांधली, प्रश्न-पत्रों के बाहर आ जाने के मसले पर जिस तरह का रोष देखा जा रहा है, वह स्वाभाविक है। ऐसे हर विवाद के बाद सरकार का यही आश्वासन सामने आता रहा है कि वह मामले की जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। मगर वर्षों से यह समस्या बदस्तूर कायम है। अब शुक्रवार को केंद्र सरकार ने जिस कानून को लागू किया है, उसका उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी और कदाचार पर रोक लगाना है। दरअसल, करीब चार महीने पहले लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024 को मंजूरी मिली थी और अब इसे कानून की शक्ल में लागू किया गया है। इसके प्रावधानों को बेहद सख्त माना जा रहा है और उम्मीद की जा रही है कि अब अलग-अलग स्तर की परीक्षाओं में धांधली पर लगाम लगेगी। हाल में नीट और यूजीसी-नेट की परीक्षाओं में प्रश्न-पत्रों के बाहर आ जाने और अन्य गड़बड़ियों से उपजे विवाद के बीच इस कानून को लागू करने के कदम को महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। गौरतलब है कि इस कानून का मुख्य उद्देश्य संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), रेलवे, बैंकिंग भर्ती परीक्षाओं और राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) आदि द्वारा आयोजित परीक्षाओं में अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकना है। यों परीक्षा में नकल या प्रश्न पत्रों को समय से पहले ही बाहर निकालना पहले भी गैरकानूनी रहा है, मगर इस कानून के पहले कोई धांधली किए जाने या अपराध होने की स्थिति में उससे निपटने के लिए कोई विशिष्ट कानून नहीं था। अब अगर नकल कराने जैसी अवैध हरकत के आरोप में कोई पकड़ा जाता है, दोषसिद्धि की स्थिति में उसे न्यूनतम तीन से पांच वर्ष तक के कारावास और ऐसे संगठित अपराध में शामिल लोगों को पांच से दस वर्ष तक की जेल की सजा दी जाएगी। इसमें न्यूनतम एक करोड़ रुपए जुर्माने का भी प्रावधान है। हालांकि इस कानून के तहत प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को इसके दायरे से बाहर रखा गया है। यह जगजाहिर हकीकत रही है कि अपराधों पर रोक लगाने के लिए कानून बनाए जाते हैं, लेकिन उनकी अहमियत कई बार दस्तावेजों में सीमित रहती है। उसे वास्तव में लागू करने को लेकर मजबूत इच्छाशक्ति नहीं दिखती है। जबकि सख्ती से अमल को सुनिश्चित किए बिना कोई भी कानून बेमानी रहेगा। सरकार और संबंधित महकमों को इस बात पर मंथन करना चाहिए कि नकल का रोग पहले भी गैरकानूनी रहा है, मगर उस पर नकेल कसने के प्रति उदासीनता के क्या कारण रहे? आखिर किन वजहों से स्कूल-कालेज स्तर की परीक्षाओं में नकल की बीमारी नौकरियों और चिकित्सा या इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए होने वाली परीक्षाओं तक में फैल गई? जबकि पिछले कुछ वर्षों में संवेदनशील परीक्षाओं में आधुनिक और उन्नत तकनीकी संसाधनों का इस्तेमाल बढ़ा है, साइबर क्षेत्र में नित नए प्रयोगों के जरिए भी बहुस्तरीय निगरानी का तंत्र भी मजबूत बनाया गया है। इसके बावजूद राष्ट्रीय स्तर पर बेहद अहम मानी जाने वाली परीक्षाओं में नकल या प्रश्न-पत्रों के बाहर आने जैसी धांधली को रोकने में सरकार नाकाम रही। अब नया कानून तभी सार्थक साबित हो सकेगा, जब इसे लागू करने को लेकर वास्तव में इच्छाशक्ति दिखाई जाए, ताकि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित अहम परीक्षाओं में पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

# उत्तराखंड के कृषि क्षेत्र में 500 करोड़ का निवेश करेगा अडानी समूह

## कृषि मंत्री गणेश जोशी ने की अडानी समूह के प्रतिनिधिमंडल के साथ चर्चा

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में अडानी समूह कृषि क्षेत्र में 500 करोड़ का निवेश करेगा। राज्य में उत्पादित मोटे अनाज और फलों के भंडारण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा ऊर्जा और कौशल विकास के क्षेत्र में समूह निवेश करेगा। रविवार को अडानी समूह के प्रतिनिधिमंडल ने कृषि एवं उद्यान मंत्री गणेश जोशी से मुलाकात कर प्रस्तावित निवेश पर चर्चा की। अडानी ग्रुप के हेड कॉरपोरेट अफेयर्स (नार्थ) आनंद सिंह भसीन ने बताया कि समूह की ओर से उत्तराखंड में कृषि व बागवानी फसलों के भंडारण में निवेश की योजना है। इससे प्रदेश के किसानों को अनाज व फलों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए भंडारण की सुविधा मिलेगी। साथ ही उपज को खराब होने से बचाया जा सकेगा। राज्य में ऊर्जा क्षेत्र में निवेश की योजना है। दक्ष मानव संसाधन के लिए प्रदेश में कौशल विकास सेंटर खोला जाएगा। निवेश से जहां स्थानीय



लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। वहीं, कौशल विकास से उद्योगों में नौकरी का मौका मिलेगा। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अडानी ग्रुप को प्रदेश सरकार की तरफ से सकारात्मक आश्वासन देते हुए शीघ्र मामले में कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। कहा, राज्य की भौगोलिक परिस्थितियां व कृषि जलवायु क्षेत्र, विभिन्न फसलों के उत्पादन के लिए अत्यधिक अनुकूल है।इसे देखते हुए प्रदेश सरकार का बागवानी फसलों का उत्पादन बढ़ाने पर जोर है। उन्होंने कहा निवेश अनुकूल नीतियों के कारण आज देश दुनिया के निवेशक उत्तराखंड में निवेश के लिए आकर्षित हो रहे हैं। प्रदेश में कृषि व उद्यान के क्षेत्र में निवेश की काफी संभावनाएं हैं। जिसके लिये सबका ध्यान उत्तराखण्ड की ओर है। इस मौके पर अडानी ग्रुप के महाप्रबंधक आरके पांडे,उत्तराखंड जैविक बोर्ड के एमडी विनय कुमार मौजूद थे।

# नेट पेपर लीक मामले में कांग्रेसियों ने फूंका पुतला

बागेश्वर(उद संवाददाता)। नीट के बाद अब नेट पेपर लीक का मामला प्रकाश में आने पर मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने इसे युवाओं के भविष्य के साथ





खिलवाड़ बताया।कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताते हुए है। नाराज कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार के जुमलेबाजी ओर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली सरकार बताते हुए केंद्र सरकार से इस्तीफे और नकल माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की।और केंद्र सरकार के पुतले का दहन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि देश में आए दिन घोटाले पर घोटाले हो रहे हैं, लेकिन सरकारों को बेरोजगारों की कोई चिंता नहीं है। सरकार के इशारे पर ही यह कारनामे हो रहे हैं। जिलाध्यक्ष भगवत डसीला के नेतृत्व में कार्यकर्ता रविवार को एसबीआई तिराहे पर एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि नीट के साथ-साथ नेट पेपर लीक मामला भी सामने आया है, परंतु अभी तक केंद्र सरकार द्वारा कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं की गई हैं, इससे स्पष्ट होता हैं कि यह पूरा मामला केन्द्र सरकार के इशारे पर हुआ हैं। नीट एवं नेट पेपर लीक से गरीब व मेहनत करने वाले बेरोजगार नौजवानों के भविष्य के साथ केंद्र सरकार ने खिलवाड़ किया हैं। जिसे कांग्रेस बर्दास्त नही करेगी।अंधी, बहरी, गूंगी, भ्रष्टाचारी, पेपर लीक सरकार को आईना दिखाने का काम कांग्रेस करेगी। इस मौके पर पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, कवि जोशी, कुंदन गोस्वामी, गीता रावल, हरीश त्रिकोटी, राजेंद्र परिहार, लक्ष्मी धमशक्तू आदि मौजूद रहे।

# तीन दिन भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी

देहरादून। प्रदेश के अधिकांश जिलों में आज हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं राजधानी में भी आसमान में हल्के बादल छाए रहने और कुछ क्षेत्रों में गर्जन के साथ बारिश की भी संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार राज्य के पिथौरागढ़ बागेश्वर, नैनीताल, उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, चम्पावत, देहरादून, टिहरी एवं पौड़ी जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। देहरादून जिले में मिलाजुला मौसम रहने के साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। मौसम विभाग के अनुसार 27, 28 और 30 जून को प्रदेश के अधिकांश जिलों में भारी से भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट किया है। इस दौरान पहाड़ों पर कहीं हल्का तो कहीं भारी भूस्खलन होने की आशंका है। ऐसे में खासतौर पर चारधाम यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों को सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

# कश्मीर में धारा 370 हटाकर किया डा. मुखर्जी का सपना पूरा: भट्ट

## डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की स्मृति दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के स्मृति दिवस के अवसर पर भाजपा जिला मुख्यालय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सांसद अजय भट्ट का नगर निगम के निवर्तमान पार्षदों द्वारा बड़ी माला पहना कर स्वागत अभिनंदन किया गया। सांसद अजय भट्ट ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर पुष्पाजंलि अर्पित की।विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अजय भट्ट ने कहा कि अखंड भारत के स्वप्नदृष्टा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का आज स्मृति दिवस है। आजादी के बाद संविधान के लागू होने के बाद तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार ने संविधान में धारा 370 जोड़कर राष्ट्रीय अखंडता को गंभीर चोट पहुंचाने का प्रयास किया था। तत्कालीन सरकार की इन्हीं मंशाओं को ध्यान में रखते हुए उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में देश की सेवा कर रहे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना पद त्याग दिया और देश की प्रतिष्ठा और अखंड़ता के लिए कश्मीर से धारा 370 को हटाने के लिए उन्होंने एक व्यापक आंदोलन शुरू किया था। भारतीय जनसंघ के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कश्मीर सत्याग्रह के लिए उन्होंने जो अभियान शुरू किया, इसके लिए उन्हें अपने प्राणों को त्यागना पड़ा। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कश्मीर में धारा 370 को समाप्त करके साकार हो रहा है। कार्यक्रम संयोजक भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धान्तवादी थे। मुखर्जी इस धारणा के प्रबल समर्थक थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं। इसलिए धर्म के आधार पर वह विभाजन के कट्टर विरोधी थे।जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और







अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। उस समय जम्मू कश्मीर का अलग झंडा और अलग संविधान था। वहां का मुख्यमंत्री (वजीरे-आजम) अर्थात प्रधानमंत्री कहलाता था। संसद में अपने भाषण में डॉ. मुखर्जी ने धारा 370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की।भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भारतीय राजनीति और समाज में उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण और समय से आगे की सोच के लिए जाना जाता है। उनके जीवन और कार्यों ने दिखाया कि वे न केवल अपने समय के मुद्दों को समझते थे, बल्कि भविष्य की चुनौतियों और अवसरों का भी गहरा ज्ञान रखते थे।देश और समाज के लिए तुष्टिकरण की राजनीति कितना नुकसान पहुंचा सकती है, इसको हमारे कई दार्शनिक समाज सेवियों ने दशकों पहले समझ लिया था। एक देश और एक विधान का मंत्र देने वाले डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी ने इसके लिए मिसाल पेश की। स्वतंत्र भारत की पहली सरकार ने तुष्टिकरण की नीति पर चलना शुरू किया तो डॉ. मुखर्जी ने कैबिनेट से इस्तीफा देकर भारतीय जनसंघ की स्थापना की।इस अवसर पर निर्वतमान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, शिक्षाविद, चिंतक और जनसंघ के संस्थापक थे। वे मानवता के उपासक एवं सिद्धांतवादी थे। डा-श्यामा प्रसाद मुखर्जी पहले व्यक्ति थे जिन्होंने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा दिए जाने के खिलाफ आवाज बुलंद की थी। डॉ. मुखर्जी देश के प्रथम उद्योग मंत्री थे। राष्ट्रीय हितों की प्रतिबद्धता को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानने के कारण उन्होंने मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया। बहुत कम उम्र में वे कलकत्ता विश्व विद्यालय के कुल पति बन गए थे। डॉ-मुखर्जी जम्मू- कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। उन्होंने 1951 में भारतीय जन संघ की नींव रखी। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। वह समाज के लिए आदर्श पुरूष थे।

इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष राजेश तिवारी, लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, सुरेश परिहार, मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, धर्म सिंह कोली, हरीश भट्ट, अमित नारंग, विपिन जलहोत्रा, वेद ठुकराल, हिमांशु शुक्ला, राम प्रकाश गुप्ता, राधेश शर्मा, ज्ञान सिंह चौहान, राकेश सिंह, मोहन तिवारी, श्री कांत राठौर, धीरेंद्र मिश्रा, डॉ शाह खान राजशाही, योगेश वर्मा, मोर सिंह यादव, राजेश कुमार, सुरेश गौरी, हरीश जोशी, प्रेमलता सिंह, पिंकी ढिमरी, रजनी रावत, सत्यपाल गंगवार, प्रमोद शर्मा, शैलेंद्र रावत, आयुष तनेजा, विनय विश्वास, राजेश जग्गा, रमेश कालरा, निमित शर्मा ,डॉ राकेश सिंह, शिव कुमार शिबू, आयूब अंसारी, असलम सलमानी, विनय विश्वास, तरुण गहलौत,विकास सिंह वीर पाल सिंह, अश्विनी शर्मा,आदि मौजूद रहे

# रन फॉर ओलंपिक में युवाओं ने दौड़ लगाकर नशामुत्ति की ओर किया प्रेरित

## डीएम,विधायक और ओलंपिक संघ के अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना






बागेश्वर(उद संवाददाता)। विश्व ओलंपिक दिवस के अवसर पर उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन,जिला प्रशासन व खेल विभाग के तत्वाधान में रन फॉर ओलंपिक (सद्भावना दौड़) का आयोजन किया गया। रविवार को रन फॉर ओलंपिक में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों, नागरिकों, अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने ड्रग्स फ्री हेल्दी लाइफ जैसे नारे लगाकर युवाओं को नशे से दूर रहने को प्रेरित किया गया। रन फॉर ओलंपिक (सद्भावना दौड़) का शुभारंभ विधायक सुरेश गड़िया, जिलाधिकारी अनुराधा पाल व उत्तराखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष निर्मान मुखर्जी ने हरी झंडी दिखाकर किया।रैली नुमाइशखेत से प्रारंभ होकर गोमती पुल, एसबीआई तिराहा, सरयू पुल, पिंडारी रोड होते हुए खेल विभाग के इंडोर स्टेडियम में संपन्न हुई। खेल विभाग के इंडोर स्टेडियम में हुए मुख्य कार्यक्रम में खिलाड़ियों को वर्चुअल संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी को ओलंपिक दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा की प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। भविष्य में उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन होगा। सभी खिलाड़ियों से खेलों में बढ़-चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा जिस प्रकार से बागेश्वर की भूमि से कुली बेगार प्रथा का अंत हुआ, ठीक उसी प्रकार से रन फॉर ओलंपिक (सद्भावना दौड) भी देवभूमि के युवाओं को नशे से दूर रहने का बडा संदेश देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। खिलाड़ियों को समय-समय पर प्रशिक्षण व प्रोत्साहन दिया जा रहा है। खेल अवस्थापना विकास के कार्य तेज गति से किए जा रहे है। उन्होंने कहा सभी को मिलकर वर्ष 2025 तक ड्रग्स फ्री उत्तराखंड बनाना है, तथा आज का यह दिन इसके लिए संकल्प लेने का भी है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में ग्लोबल वार्मिंग का जिक्र करते हुए विभिन्न सामाजिक संगठनों से जल संरक्षण व जल संवर्धन के लिए आगे आने का भी आह्वान किया। विधायक सुरेश गड़िया ने कहा कि खेल एक ऐसा माध्यम है, जिसके जरिए हम स्वस्थ मन के साथ ही स्वस्थ तन को प्राप्त कर सकते हैं। हमें खेल जहां जीवन में अनुशासन सिखाते है, वहीं खेलों से टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि खेलों से खेल भावना के साथ ही आपसी सामंजस्य बढ़ता है। खेलों से तन-मन तो स्वस्थ रहता ही है, साथ देश के लिए योग्य नेतृत्वकर्ता, समन्वयकर्ता, उत्साही और लक्ष्य के प्रति समर्पित स्वस्थ नागरिक भी प्राप्त होते हैं। जिलाधिकारी ने कहा खेल ही एक ऐसा माध्यम है,जो नशे की प्रवृत्ति के साथ-साथ नकारात्मक सोच को दूर करता है तथा शारीरिक व मानसिक रूप से सक्रिय रहने में महत्वपूर्ण है। ओलंपिक संघ के सचिव डॉ डीके सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन हेमंत बिष्ट द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, उप जिलाधिकारी कपकोट अनुराग आर्य कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला,चेयरमैन रेडक्रॉस सोसाइटी संजय शाह जगाती, अनिल कार्की, कालाकोटी, गणेश धपोला,व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष बबलू नेगी, महिपाल गाड़िया, प्रमोद मेहता,कौशल किशोर सिंह, ललित नेगी, दरवान सिंह, इंद्र सिंह गड़िया,दीपक खेतवाल, अजय चंदोला, अनिल कार्की, दीप जोशी, कमलेश तिवारी, किशन सिंह मलड़ा, दलीप खेतवाल, नरेंद्र खेतवाल समेत विभिन्न खेल संघ के पदाधिकारी, खिलाड़ी व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।




## पेज एक का शेष...

**गुरूनानक शिक्षा समिति.........**पोस्ट मैन से रिसिव कर समिति के कार्यालय में जमा न करा कर गायब कर ली गयी थी। गायब चैक बुकों के विभिन्न चैकों के माध्यम से 1 अप्रैल.2022 से दिसम्बर 2022 तक खाते से 53 चौकों के माध्यम से लगभग 17 लाख रूपये निकाल लिये गये। पूरन पाण्डे माह दिसम्बर 2022 के बाद बिमारी का बहाना करके नौकरी छोड़कर चले गये। उन्होंने बताया कि समिति की बैलेंस शीट बनाने के लिए माह जून 2023 में जब समिति के खाते का स्टेटमेन्ट निकाला गया तो उसमे अध्यक्ष एवम् प्रबन्धक श्री गुरूनानक शिक्षा समिति की जानकारी के बिना लगभग रूपये 17 लाख निकले हुये थे। जिस कारण चौक को निकालकर जब देखा गया तो हस्ताक्षर न समिति के अध्यक्ष और न ही प्रबन्धक के थे। बिना हस्ताक्षर मिलाये बैंक द्वारा धनराशि पूरन पाण्डे को दे दी गयी थी। जैसे ही बैंक के कर्मचारियों पर कार्यवाही करने की बात समिति के अध्यक्ष दिलराज सिंह द्वारा कही गयी। बैंक ने अपनी गलती स्वीकार कर ली एवम तत्काल खाते मे धनराशि रूपये 17 लाख जमा करने की मांग भर दी गयी। उन्होंने बताया कि 17 जून 2023 से पूर्व धनराशि बैंक खाते में जमा भी कर दी गयी। इस प्रकार हुये फाड का पटाक्षेप हो गया। समिति की जून 2023 की साधारण सभा में अध्यक्ष दिलराज सिंह द्वारा इस पूरे प्रकरण की जानकारी सदस्यों को दे दी गयी थी। इस संबंध में समिति के अध्यक्ष दिलराज सिंह एवम् प्रबन्धक गुरमीत सिंह को सीओ द्वारा उन्हे बुलाने की भेजी गयी कोई भी सूचना उन्हें प्राप्त नहीं हुयी है। सीओ से सम्पर्क करने पर उनके द्वारा आज का समय दिया गया है एवम् आज सभी प्रपत्र सीओ को दे दिये जायेंगे। उन्होंने बताया कि जिस व्यक्ति द्वारा एकतरफा आरोप लगाया गया। अमरदीप सिंह एवम् सीओ सिटी के बयान रिकार्ड किये एवम् समिति का पक्ष जानने का प्रयास नहीं किया गया वह एक महिला को विद्यालय में नौकरी करवाने के लिए ब्लैकमेल करना चाहते थे। चूंकि महिला सीबीएससी द्वारा दिये गयी योग्यता को पूर्ण नहीं करती थी। अत: बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुये महिला को अध्यापिका के रूप में नियुक्ति नहीं दी गयी। जिससे खिन्न होकर विद्यालय एवम समिति के विरूद्ध दुर्भावना रखने लगे।जो कार्य 01 वर्ष पूर्व समाप्त हो गया था उसको मीडिया में लाकर समिति की छवि खराब करने का प्रयास किया गया। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी विद्यालय में स्थित 50 वर्ष पूर्व बने गुरुद्वारा साहिब के नये भवन बनने पर भी सोशल मीडिया में बेबुनियाद मुद्दे को उठाया था। जांच पूरी हो जाने के उपरान्त समिति द्वारा अमरदीप सिंह, जगतार सिंह एवम् भूपेश छिमवाल के खिलाफ श्री गुरूनानक शिक्षा समिति मानहानी का भी दावा करेगी। इसके अलावा संस्था का नुकसान करने वाले सभी सदस्यों का मीडिया के माध्यम से खुलासा किया जायेगा। वार्ता के दौरान मनजीत सिंह, सुरमुख सिंह विर्क, हरजिदर सिंह, इंद्रजीत सिंह, करनैल सिंह, भूपेंद्र सिंह, बलवंत सिंह, कुलजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, निर्मल सिंह, सतविंदर सिंह, बलजीत सिंह, वीरपाल सिंह, इकबाल सिंह, जसविंदर सिंह, अमरदीप सिंह, पलविंदर सिंह, सतिंदर सिंह, किरन दीप विर्क, संदीप चीमा आदि मौजूद थे।

**तीसरे कार्यकाल में ........** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि कल 25 जून है। इमरजेंसी का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि 25 जून को भारत के लोकतंत्र पर लगे उस कलंक के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। मोदी सरकार 3.0 का संसद में पहला सत्र काफी हंगामेदार रहने के आसार है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी आज 18वीं लोकसभा के पहले संसद पहुंचीं। इंडी गठबंधन इसकी तैयारी पहले ही कर चुका है। संसद का ये सत्र तीन जुलाई तक चलेगा। शपथ लेने के दौरान विपक्ष के काफी हंगामा किया और नीट मामले के नारे लगाए। वहीं कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों द्वारा आज संसद में संविधान की प्रतियां ले जाने के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री और अमित शाह संविधान पर जो हमला कर रहे हैं, वह हमें स्वीकार्य नहीं है, हम ऐसा नहीं होने देंगे। इसलिए, हमने शपथ लेते समय संविधान को थामा। सदन में केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी, चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू , मनसुख मंडाविया ,केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव , गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु , प्रल्हाद जोशी ,केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद सर्बानंद सोनोवाल, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान,मनोहर लाल खट्टर, पीयूष गोयल, नितिन गडकरी और शिवराज सिंह ने सांसद पद की शपथ ले ली है। प्रोटेम स्पीकर ने उन्हें शपथ दिलाई। पीएम मोदी ने संसद के बाहर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार तीसरे कार्यकाल में तीन गुणा मेहनत करेगी और भारत को आगे ले जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रेस वार्ता में कहा कि भारत की नई पीढ़ी कभी नहीं भूलेगी कि भारत के संविधान को पूरी तरह से नकार दिया गया था, संविधान के हर हिस्से की धज्जियां उड़ा दी गई थीं, देश को जेलखाना बना दिया गया था, लोकतंत्र को पूरी तरह दबा दिया गया था। अब अपने संविधान की रक्षा करते हुए देशवासी संकल्प लेंगे कि भारत में दोबारा कोई ऐसा करने की हिम्मत न कर सके जो 50 साल पहले किया गया था। 18वीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरुआत से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीते 10 वर्षों में हमने हमेशा एक परंपरा को निभाने का प्रयास किया है, क्योंकि हमारा मानना घ्ध्है कि सरकार चलाने के लिए बहुमत की जरूरत होती है, लेकिन देश चलाने के लिए सर्वसम्मति सबसे ज्यादा जरूरी है। इसलिए हमारा निरंतर प्रयास रहेगा कि मां भारती की सेवा की जाए और 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं और महत्वाकांक्षाओं को सबकी सहमति से और सबको साथ लेकर पूरा किया जाए। पीएम मोदी ने कहा कि आज 18वीं लोकसभा की शुरुआत हो रही है। दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव बहुत ही भव्य और गौरवशाली तरीके से संपन्न हुआ। ये चुनाव इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि आजादी के बाद दूसरी बार देश की जनता ने किसी सरकार को लगातार तीसरी बार सेवा करने का अवसर दिया है।

**बिजली गिरने से भाई बहन..........**सैजना ग्राम में आकाशीय बिजली गिरने से दो सगे भाई बहनों की मृत्यु का दु:खद समाचार सुन भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सरकारी अस्पताल पहुंचकर मृतकों के परिजनों से मिल उन्हे ढांढस बंधाया और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर पीड़ित परिवार को सरकार द्वारा उनका हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। साथ ही एसडीम रविंद्र सिंह ज्वांथा से मुलाकात कर तत्काल सहायता राशि के रूप में पीड़ित परिवार की मदद करने की अपील की। एसडीम रविंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित परिवार को तत्काल सहायता राशि के रूप में चार लाख रुपए की राशि प्रदान की जाएगी और परिवार की ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए आवेदन मुख्यमंत्री कार्यालय भेजा जाएगा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीड़ित परिवार का हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री सतीश गोयल, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रमेश जोशी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश राणा, झन्नकट मंडल अध्यक्ष विमला बिस्ट, युवा नेता करण यादव, पवन गिहार, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष नवीन भट्ट, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश पांडे, विवेक गुप्ता, राहुल सक्सेना आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**झोलाछाप डाक्टरों के...........** अभियान चलाया गया। इस दौरान अनेक क्लीनिकों को सील भी कर दिया गया। वहीं मेडिकल स्टोरों में भी छानबीन की गई जहां खामियां मिलने पर कार्रवाई की गई। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई की अगुवाई में ड्रग इंस्पेक्टर मीनाक्षी बिष्ट, एसीएमओ आर भट्ट आदि ने आज बनभूलपुरा क्षेत्र में झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ अभियान चलाया। इसकी भनक लगते ही कई डाक्टर क्लीनिक बंद कर मौके से भाग गये। टीम ने निरीक्षण के दौरान करीब आधा दर्जन क्लीनिकों को सील कर दिया। इसके साथ ही टीम ने क्षेत्र में मेडिकल स्टोरों का भी निरीक्षण किया। जिन मेडिकल स्टोरों में खमियां पाई गई उनके संचालकों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। टीम जब क्षेत्र में अभियान चला रही थी तो सिटी मजिस्ट्रेट की नजर डिस्पोजल की दुकानों की ओर चली गई। उन्होंने तुरंत नगर निगम के अधिकारियों को मौके पर बुलवाकर न सिर्फ डिस्पोजल जब्त करवा लिए बल्कि दुकानदारों पर पांच पांच हजार रूपये का जुर्माना भी लगा दिया। अभियान के दौरान क्षेत्र के दुकानदारों व मेडिकल स्टोरों के साथ ही झोलाछाप डाक्टरों में हडकम्प मचा रहा।

**ड्यूटी से घर लौटे होमगार्ड........**मकान में अकेला रहता था और पिछले कई वर्षों से ब्लाक कार्यालय के पास स्थित पशु विभाग में होमगार्ड कर्मी के रूप में कार्यरत था। बताया जाता है कि रामअवध गत रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे की ड्यूटी कर कमरे में वापस लौटा था और आराम करने को लेट गया। कुछ देर बाद एक व्यक्ति उसे उठाने आया तो उसने राम अवध को बेसुध अवस्था में देखा। जिस पर उसने उसके परिचितों को फोन पर अवगत कराया। जानकारी मिलते ही कई लोग वहां पर आ पहुंचे। राम अवध को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर आवश्यक जानकारी ली और शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जाता है कि मृतक रामअवध की पत्नी तीन पुत्रियां व दो पुत्र हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। घटना से मृतक के परिजनों को अवगत करा दिया गया है। रामअवध अचानक हुई की मौत से विभाग में शोक की लहर व्याप्त हो गई।

**जॉब दिलाने के नाम पर......**के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध धारा 420/120 बी/34 आईपीसी के अलावा 66 डी आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

**उत्तराखण्ड में आकार लेगा..........**गाइडलाइनभी तय करेगा।यह शहरी परिवहन से संबंधित मामलों में संबंधित अथॉरिटी को दिशा निर्देश देगा तथा एक ऑपरेशन कंट्रोल रूम बनाएगा, जिसमें यात्रियों की मांग, शिकायतें और सुझाव सुने जाएंगे। यह शहरी यातायात की सुविधा के लिए स्मार्ट कार्ड आधारित टिकट सिस्टम भी शुरू करेगा, जिससे यात्रियों को भुगतान संबंधी दिक्कतें न हों। ट्रैफिक प्रबंधन, परिवहन योजना आदि तकनीक आधारित तैयार करने तथा इंटेलीजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम के माध्यम से यातायात नियम तोड़ने वालों को पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश करने एवं रेलवे से सामंजस्य बनाकर शहरी यातायात को उसी हिसाब से मजबूत बनाने का दायित्व भी प्राधिकरण पर ही होगा। बात प्राधिकरण की संरचना की करें, तो प्राधिकरण के चेयरमैन मुख्य सचिव होंगे। इसमें संबंधित निकाय के मेयर, उस निकाय के क्षेत्र में आने वाला कोई एक विधायक, वित्त सचिव कार्यालय, आवास सचिव कार्यालय, परिवहन सचिव कार्यालय, परिवहन आयुक्त कार्यालय, जिलाधिकारी कार्यालय, एसएसपी कार्यालय, चीफ टाउन प्लानर कार्यालय, उप परिवहन आयुक्त कार्यालय से एक-एक नामित सदस्य होगा। इसके अलावा इसमें ट्रांसपोर्टेशन इंजीनियरिंग, अर्बन ट्रांसपोर्ट प्लानिंग, अर्बन ट्रांसपोर्ट ऑपरेशंस, कारपोरेट गवर्नेंस, फाइनेंस या विधि आदि के भी सदस्य होंगे।प्राधिकरण के अंतर्गत अर्बन ट्रांसपोर्ट फंड बनेगा, जिसमें केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का पैसा एकत्र होगा। इसके अलावा यूजर चार्ज, जुर्माना आदि की राशि ली जा सकेगी । इसमें केंद्र, राज्य की ग्रांट या लोन भी लिए जा सकेंगे ।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


गुरु माँ
A.C. चाहिए
Guru Maa Electronics आइये
घर ले जायें AC
मात्र 1 रुपये में
आज ही डिलीवरी आज ही इंस्टालेशन
BAJAJ FINSERV
CASH BACK WEEKEND UPTO 7500*
आधार लाये उधार ले जाइये
SBI
CASH BACK UPTO 5%*
VOLTAS
DAIKIN
MITSUBISHI ELECTRIC
AMSTRAD
HITACHI
Carrier
SAMSUNG
BLUE STAR
IFB
Whirlpool
LLOYD
रुद्रपुर-काशीपुर बाईपास रोड I Mob: 9927882338